## खबर संक्षेप

### जन अस्मिता यात्रा की संभागीय बैठक 27 को

**शहडोल।** विंध्य प्रदेश के पुनर्गठन को लेकर जन अस्मिता यात्रा निरंतर 03 वर्षों से विंध्य के संपूर्ण जिलों में अपनी आवाज बुलंद करतेहुए जन जागरूकता एवं बैठक कर लोगों को विंध्यप्रदेश नवनिर्माण के बाद मिलने वाली सुविधाओं को बताकर कर एकजुट कर रही है, जन अस्मिता यात्रा के जिला प्रभारी संतोष चौबे ने जानकारी देते हुए बताया है कि शहडोल, अनूपपुर, उमरिया को मिलाकर 27 मार्च को दोपहर 2 बजे संभागीय मुख्यालय में संभागीय प्रभारी बी.पी. तिवारी के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया है, इस बैठक में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन भी किया जाएगा।

### 78 लीटर शराब के साथ आरोपी धराया



**शहडोल।** होली के त्यौहार में आरोपी शराब का अवैध कारोबार करने के फिराक में था, आरोपी को त्योहार से पहले पुलिस ने दबोचा लिया। पुलिस ने 78 लीटर शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। ब्यौहारी थाना क्षेत्र के खारी गांव में एक युवक घर से शराब बेचने की फिराक में था, होली के त्यौहार की तैयारी में युवक जुटा हुआ था और अवैध शराब का एक बड़ा जखीरा बुढ़वा से लेकर वह खारी गांव अपने घर के पीछे बड़ी में गड्ढा खोदकर शराब को छुपाए हुए था। पुलिस को मुखबिर की खबर लगी और पुलिस मौके पर पहुंच गई और बाड़ी में गड्ढे के अंदर रखे शराब को जप्त कर लिया है। थाना प्रभारी के निर्देश पर पुलीस टीम मौके पर पहुंचे और सूचना के आधार पर पुलिस ने संदीप वैश्य के घर में छापामार कार्यवाही की तभी घर के पीछे बाड़ी में जमीन में गड्ढा था, जिसके ऊपर झाड़ियां ढक कर युवक ने शराब छुपा रखी थी, पुलिस के अनुसार 54 लीटर देशी प्लेन शराब एवं 24 लीटर अंग्रेजी बियर शराब को जप्त कर संदीप वैश्य के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। अवैध शराब की कीमत लगभग 35 हजार रुपए बताई गई है।

### घुनघुटी चौकी परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



**घुनघुटी।** शुक्रवार शाम घुनघुटी चौकी परिसर में होली एवं रंग पंचमी की त्यौहार को देखते हुई शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है, जिसमें चौकी प्रभारी भूपेंद्र पंत सिंह एवं लोलर प्रसाद मिश्रा, एएसआई शिवपाल सिंह ने शांतिपूर्णा तरीके से एवं भाईचारे के साथ होली के त्यौहार को मनाने की बात कही गई है। साथ में यह समझाइए भी दी गई कि त्योहार पर कुछ ऐसा ना करें जिससे कि अन्य दूसरों लोगों को परेशानी हो, किसी पर जबरदस्ती रंग ना डालें, जहां तक बन सके सूखी होली से सिंथेटिक रंगो के दुष्परिणामों से बचा जा सकता है, इस तरह घुनघुटी चौकी प्रभारी भूपेंद्र पंत ने सभी लोगों को कहा है की सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की पहली नजर रहेगी और डीजे नहीं बजेगा, डीजे बजाते हुए पाये जाने पर साउंड बॉक्स, मशीन सेट जप्त कर उसके संचालक कानूनी कार्यवाही होना तय है।

### भाजपा में शामिल हुई निर्दलीय पार्षद



**शहडोल।** पूर्व केन्द्रीय और वर्तमान सरकार के मंत्री प्रहलाद पटेल का बीते दिनों शहडोल आगमन हुआ, इस दौरान स्थानीय भाजपा कार्यालय में उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक ली और उन्हें आने वाले चुनावों में जीत के अंतर को बढ़ाने के लिए टिप्स भी दिये।

# फिर मांगी डॉ. पटेल ने इलाज के लिए 8 हजार की रिश्वत

## कलेक्टर ने पत्र भेज सीएमएचओ को दिये जांच के आदेश

### कलेक्टर मुकेश शुक्ला की कार्यवाही के बाद उमरिया में लोकायुक्त

रिश्वत के रूपयों को ही अपना ईमान समझने वाले सर्जन व्ही.पटेल के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक रिश्वतखोरी के आरोप लगे, 2015 के आस-पास रिश्वत का वीडियो वॉयरल होने पर उन पर कार्यवाही हुई, 2018 में उमरिया में लोकायुक्त ने रंगेहाथों पकड़ा, फिर शहडोल लौटे, लगातार इलाज के नाम पर सरकारी अस्पताल में रूपये खाने के आदी हो चुके कथित चिकित्सक ने एक बार फिर रूपयो के खातिर बुजुर्ग को मौत की ओर ढकेल दिया।



File Photo

शहडोल।

चिकित्सकों के पेशे को बदनाम करने वाले रिश्वतखोर डॉ. व्ही.पी.पटेल के खिलाफ एक बार फिर इलाज के नाम पर रूपया मांगने की जांच शुरू हुई है, शहडोल कलेक्टर को इस मामले में मरीज के पोते द्वारा 14 मार्च को शिकायत दी गई थी, जिसके बाद अगले ही दिन कलेक्टर कार्यालय से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को विभागीय पत्र क्रमांक 2020 जारी करते हुए मामले की जांच और कार्यवाही के आदेश दिये गये थे, लेकिन अभी तक इस मामले में कोई भी जांच के नतीजे सामने नहीं आये है, अलबत्ता यह बात चिकित्सा विभाग के अंदरखाने से जरूर सामने आई कि सिविल सर्जन के सबसे करीबी होने के कारण उन्हीं के द्वारा जांच को उलझाया गया है, जिसके कारण 70 वर्षीय वृद्ध ऑपरेशन के आभाव में जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है।

### यह थी शिकायत

जिले के खैरहा थाना अंतर्गत ग्राम खैरहा में रहने वाले कामता प्रसाद कोरी ने कलेक्टर शहडोल को 14 मार्च को इलाज के दौरान पैसे मांगने की शिकायत दी गई थी, पीड़ति ने शिकायत में कलेक्टर को बताया कि उसके दादाजी श्री कोसे कोरी जिनकी उम्र 70 साल से अधिक है, लगभग एक सप्ताह से हार्निया की शिकायत होने पर अस्वस्थ्य हैं, जिला चिकित्सालय में उन्हें भर्ती कराया और डॉ. व्ही.पी.पटेल उन्हें देख रहे थे, ठीक होने के लिए ऑपरेशन करना बताया गया, जिसके लिए 8 हजार रूपये डॉ. पटेल ने मांगे, मेरे पास पैसे नहीं थे, अतः रूपये उपलब्ध कराने या सरकारी इलाज कराने में मदद करें। चिकित्सा विभाग से जुड़े सूत्र बताते हैं कि डॉ. व्ही.पी.पटेल ने एक अन्य मरीज से भी 5 हजार मांगे थे, इस मामले की शिकायत के बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ए.के.लाल ने सिविल सर्जन को मामले की जांच के लिए पत्र लिखा है।

### जांच के बाद हुआ ऑपरेशन

कलेक्टर कार्यालय से शिकायत के अगले दिन ही 15 मार्च को अपर कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शहडोल को शिकायत की मूल प्रति के साथ जांच के लिए पत्र प्रेषित किया, इसमें उल्लेख किया गया कि आवेदक के दादाजी को नियमानुसार उचित इलाज तत्काल प्रदाय करायें तथा आवेदक द्वारा शिकायत में वर्णित तथ्यों पर जांच के आदेश दिये गये, इस संबंध में पीड़ति ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश के बाद अगले ही दिन डॉ. व्ही.पटेल के बयान लिए गये थे और आए अधिकारियों ने उनके सामने फटकार भी लगाई थी, जिसके बाद ऑपरेशन कर दिया गया।

### रिश्वतखोरी का लंबा इतिहास

डॉ. व्ही.पी.पटेल शहडोल ही नहीं बल्कि देश भर में चिकित्सा सेवा में लगे धरती के भगवानों के नाम पर धब्बा हैं। शहडोल में मुकेश शुक्ला के कलेक्टर कार्यकाल के दौरान जिले के धनपुरी अंतर्गत रहने वाले गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले एक पाल परिवार की महिला का ऑपरेशन करने के एवज में वेद प्रकाश ने 20000 मांगे थे और प्रथम किस्त 10000 ली थी और बाद में ऑपरेशन भी नहीं किया था, यह खबर आज से करीब 8 साल पहले मीडिया की सुर्खियों में छाई थी, जिसके बाद उन्हें यहां से हटा दिया गया था और काफी समय तक वे नौकरी से बाहर थे, लेकिन बाद में अपना जुगाड़ लगाकर जिला चिकित्सालय उमरिया में पदस्थ हो गए थे।

### उमरिया में लोकायुक्त ने किया था गिरफ्तार

शहडोल में रिश्वत लेते हुए वीडियो वॉयरल होने के बाद प्रशासन ने कार्यवाही की तो, करीब एक वर्ष तक गुमनाम रहे और बाद में उमरिया जिला चिकित्सालय पहुंच गये, यहां सिविल सर्जन का पद जुगाड़ से पा लिया और फिर अपने ही अधीनस्थ कर्मचारी संविदा फार्मासिस्ट राज कुमार शुक्ला से सिविल सर्जन ने 20000 रिश्वत मांगी थी, राज कुमार शुक्ला यहां पदस्थ थे, लेकिन सिविल सर्जन कार्यालय व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय की दवाइयों खरीदने की जिम्मेदारी का कार्य करने वाले राज कुमार शुक्ला और बबलू त्रिपाठी के बीच हुए विवाद के बाद राज कुमार शुक्ला ने इस्तीफा दे दिया था, लेकिन जब दोनों के बीच मामला सुलझ गया तो राज कुमार शुक्ला ने पुनः पदभार ग्रहण करना चाहा, लेकिन सिविल सर्जन डॉ. वेद प्रकाश पटेल ने दोबारा ज्वाइन करवाने के एवज में 20000 की रिश्वत मांगी, जिसकी सूचना राज कुमार शुक्ला ने लोकायुक्त पुलिस को दी और लोकायुक्त की टीम ने सिविल सर्जन डॉ. वेद प्रकाश पटेल पर कार्यवाही करते हुए ट्रैप किया था।



## थाना पपौंध क्षेत्रांतर्गत निकाला गया फ्लैग मार्च

शहडोल।

लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने हेतु पुलिस के सहायतार्थ केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की कम्पनी आवंटित की गई है। जिनके द्वारा शहडोल पुलिस के साथ-साथ विभिन्न थाना क्षेत्रों में एरिया डोमीनेशन की कार्यवाही की जा रही है। 23 मार्च को थाना पपौंध के संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकालते हुए एरिया डोमीनेशन किया गया। उक्त फ्लैग मार्च में थाना प्रभारी पपौंध निरीक्षक एम.एल. वर्मा के साथ सी.आर.पी.एफ. के जवान शामिल रहे। पुलिस बल द्वारा स्थानीय कस्बा भ्रमण, पपौड़, कुआं अन्य स्थानों पर फ्लैग मार्च निकाला गया। शहडोल पुलिस एवं सी.आर.पी.एफ के द्वारा फ्लैग मार्च निकालकर शांतिपूर्ण मतदान का संदेश दिया जा रहा है। शहडोल पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि निर्भय होकर लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का अधिक से अधिक प्रयोग करेंगें।



### अंतर्राज्यीय चेकपोस्टों एवं मतदान केन्द्रों का कलेक्टर-एसपी ने किया निरीक्षण

**शहडोल।** कलेक्टर तरुण भटनागर एवं पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने 23 मार्च को लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए विधानसभा क्षेत्र जैतपुर के संवेदनशील मतदान केन्द्रों एवं अंतर्राज्यीय बॉर्डर चेकपोस्ट न्यूट्री (अमहा), रमनाकन्हेर व साखी का निरीक्षण किया। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों में कमियों को समय रहते पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिये। थाना जैतपुर क्षेत्रांतर्गत छ.ग. राज्य की अंतर्राज्यीय सीमा पर न्यूटरी, रमनाकन्हेर एवं साखी में बनाई गई चेकपोस्टों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने निगरानी दल को निर्देशित किया कि अंतर्राज्यीय बार्डर पर आने जाने वाले वाहनों की निगरानी एवं जांच की जाए। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर सख्त कार्यवाही की जाए तथा किसी भी प्रकार का अवैध गांजा, सोना, चांदी, शराब व अन्य नशीली पदार्थ का परिवहन न हो और सीसीटीवी कैमरा से भी निगरानी रखी जाए।

## पति ने घरेलू विवाद में की पत्नी की हत्या

शहडोल।

जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र के इमलीघाट में पति-पत्नी का घरेलू विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने पीट-पीट कर पत्नी की हत्या कर भाग गया। शनिवार की सुबह पुलिस को मृतका के मायके वालों ने सूचना दी तब मामला सामने आया। जानकारी लगते ही डायल हंड्रेड के साथ थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे।

थाना प्रभारी भूपेंद्रमणि पांडेय ने बताया कि महिला लामिया बैगा उम्र 35 वर्ष को उसके पति बब्बू बैगा उम्र 40 वर्ष ने पीट-पीट कर मार डाला है। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह पति-पत्नी में किसी घरेलू बात को लेकर झगड़ा हुआ था। उसी समय नाराज पति ने अपनी पत्नी को लाठी-डंडों से जमकर पीटा। महिला अपने बचाव के लिए लोगों से मदद मांग रही थी, लेकिन सुबह होने की वजह से लोग घरों में सो रहे थे और मदद के लिए नहीं पहुंच पाए। बाद में घर से 300 मीटर की दूरी पर महिला का खून से लथपथ शव मिला है।



आरोपित बब्बू बैगा के फूफा ने शव पड़ा देखा, इसके बाद मामले की जानकारी महिला के मायके पक्षको दी गई, मायका पड़ोस के ही गांव में हैं। मायके पक्ष के लोग घटना स्थल पहुंचे और डायल हंड्रेड को खबर दी गई। डायल हंड्रेड में तैनात आरक्षक राजेंद्र शुक्ला, पायलट प्रदीप तिवारी मौके पर पहुंचे और मामले की खबर थाना प्रभारी को दी। जानकारी के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची है। शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद स्वजनों को सौंप दिया है। वहीं आरोपित पति घटना के बाद से फरार है, जिसे पुलिस तलाश रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपित का पता नहीं चला है। पुलिस तलाश रही है, जल्दी मिल जाएगा।

### एडीजीपी-एसपी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

थाना सोहागपुर अंतर्गत 23 को इमली टोला में मृतिका लमिया उर्फ पार्वती उम्र 40 वर्ष निवासी चंदनिया थाना पाली जिला उमरिया की हत्या हो जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर मृतिका के पति आरोपी बब्बू बैगा के विरूद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डी.सी. सागर शहडोल जोन शहडोल एवं पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने घटना स्थल ग्राम इमलीटोला का निरीक्षण किया एवं प्रकरण की विवेचना, साक्ष्य संकलन आदि के संबंध में थाना प्रभारी सोहागपुर एवं विवेचक को दिशा-निर्देश दिये।

## विश्वविद्यालय में हुई मतदाता जागरूकता के लिये विभिन्न प्रतियोगिता

शहडोल।




पंडित एस. एन. शुक्ला विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शुक्रवार को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसके रंगोली, पोस्टर निर्माण, फेस पेंटिंग, भाषण एवं प्रश्नोत्तरी के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु युवाओं का आह्वान किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के साथ-साथ स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया। विकसित भारत की मतदाता नारी एवं शत-प्रतिशत मतदान में युवाओं की भूमिका विषय पर युवाओं में भाषण द्वारा अपने विचार रखे। नगर निकाय के पेट्रोल पंप, न्यू मार्केट, जेल बिल्डिंग आदि स्थानों पर स्वयंसेवकों द्वारा मतदान महादान विषय पर रंगोली निर्माण किया गया।

विश्वविद्यालय परिसर के सभागार में कुलगुरु प्रो. रामशंकर की अध्यक्षता में मंचीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी हेमंत मारकवाडी, कार्यक्रम संयोजक के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर की गई। महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योति सिंह ने स्वागत भाषण दिया व कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात संपूर्ण नाट्य कला एवं लोक समिति द्वारा मतदाता जागरूकता विषय पर एक प्रेरक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक उपरांत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें छात्रा प्रिया द्वारा मतदान प्रक्रिया में नारियों की सहभागिता पर बात रखी गई। घर चलाने से लेकर देश चलाने तक का सफर एक नारी तह कर चुकी है। साथ ही स्वयंसेवक अनामिका द्वारा निष्पक्ष व निडर हो मतदान करने का संदेश दिया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में निर्वाचन आयोग, आगामी निर्वाचन प्रक्रियाओं, संविधान आदि से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे गए जिसमें अर्पिता तिवारी, अनामिका सिंह धुर्वे व राज विजयी रहे। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा सभी सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया।

रंगोली प्रतियोगिता में दुर्गा राठौर एवं मुस्कान खान प्रथम, सुचिता तिवारी, उत्तरा विश्वकर्मा एवं अनामिका सिंह धुर्वे द्वितीय एवं शिवा सिंह व ऋषि वंशकार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही हर्ष तिवारी, शैली निगम, शाहीन खान, राजकुमार जाटव, साध्वी पांडे, प्रीति विश्वकर्मा, विधि पांडे, प्रतिभागी रहे। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में शाहीन खान प्रथम, मुस्कान खान व प्रिया गुप्ता द्वितीय एवं अंशु बैगा एवं सीमा बैगा तृतीय स्थान प्राप्त किए। अमृता, नम्रता, राज नंदिनी, निलेश, जया, राधा, पुष्पांजलि, दिव्या, अभिषेक, राज प्रतिभागी रहे। भाषण प्रतियोगिता में कृतिका मिश्रा प्रथम, प्रिया सिंह द्वितीय एवं साक्षी मेहरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही अनामिका, अभिषेक, अर्पिता सहभागी रहे।



### रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन करते ट्रेक्टर पकड़ाया

**शहडोल।** जिले के ब्योहारी थाना क्षेत्र में ट्रेक्टर द्वारा रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन करने कि खबर आये दिन समाचार पत्रों मे प्रकाशित किया जा रहा है जिसे संज्ञान मे लेते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा रेत के अवैध उत्खनन पर रोक लगाने हेतु ब्योहारी पुलिस को लगातार निर्देशित किया जा रहा था जिसके तारतम्य मे एस डी ओ पी रवी प्रकाश कोल के मार्ग दर्शन मे थाना ब्योहारी पुलिस टीम द्वारा 23 मार्च को मुखबिर कि सूचना पर बिना नंबर प्लेट के टेक्टर जिसका चेचिस नंबर एमबीएनएसएफ एबीईजेएनजी 02577 एवं इंजन नंबर एनजेजी 5 एफएई 0647 लाल रंग का महेंद्रा योबो 415 डीआई कम्पनी का टेक्टर मय अवैध रेत लोड ट्राली के आरोपी टेक्टर चालक शिवम पटेल पिता कैलाश पटेल उम्र 20 वर्ष निवासी बरहटोला से जब्त किया गया एवं वाहन चालक शिवम पटेल पिता कैलास पटेल एवं वाहन मालिक संजय पटेल पिता शंकर पटेल दोनों निवासी बरहटोला के विरुद्ध थाना में धारा 379, 414,34 ताहि. 4/21 खान खनीज अधिनियम पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है।

## 6 पुलिस कर्मियों को मिला अति उत्कृष्ट सेवा का सम्मान

### खाकी वर्दी धारी के रूप में किया अपने कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन







**शहडोल।** जिले के विभिन्न थानों में पदस्थ 6 पुलिस कर्मियों को अति उत्कृष्ट तथा उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया हैं। यह सम्मान वर्ष 2022 के लिये केन्द्रीय गृह मंत्रालय, भारत सरकार के राजपत्र आदेश क्रमांक-30 दिनांक 28 जुलाई 2018 के माध्यम स्थापित केन्द्रीय गृहमंत्री का 'अति उत्कृष्ट सेवा पदक तथा उत्कृष्ट सेवा पदक' पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को उनकी अति उत्कृष्ट/उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रदान किया गया हैं। उक्त सूची मे जिले के कुल 6 पुलिस कर्मी शामिल हैं। इनमें 2 को अति उत्कृष्ट तथा शेष 4 को उत्कृष्ट सेवा सम्मान से नवाज़ा गया हैं। जिसमे अति उत्कृष्ट सेवा पाने वाले जिले के पुलिसकर्मियों में उपनिरीक्षक राजदेव मिश्रा पुलिस अधीक्षक कार्यालय शहडोल व सहायक उपनिरीक्षक रतिराम सिंह थाना आजाक शहडोल तथा उत्कृष्ट सेवा सम्मान पाने वालों मे प्रधान आरक्षक गजेंद्र सिंह थाना धनपुरी, गणेश पांडेय थाना अमलाई, मनोज शुक्ला थाना सोहगपुर व संतोष सिंह परिहार थाना सोहागपुर शामिल हैं। निश्चित ही इन पुलिस कर्मियों को मिला यह सेवा सम्मान जिला पुलिस महकमे के किए गर्व की बात हैं। विदित हो कि इन सम्मानित पुलिस कर्मियों द्वारा बदन पर मौजूद खाकी के कर्तव्यों के साथ-साथ मानवता का फर्ज भी बखूबी अपनी सेवा काल में अदा किया। जिसके परिणाम स्वरुप उन्हें इस उत्कृष्ट सेवा सम्मान से नवाजा गया हैं। इस सेवा सम्मान पर अतरिक्त पुलिस महानिदेशक डी.सी. सागर, पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक समेत सहकर्मी पुलिसकर्मियों ने बधाई प्रेषित की हैं।

**खबर संक्षेप**

## सहायक उप निरीक्षक सहित सहयोगी स्टॉफ को एडीजीपी ने किया पुरस्कृत

**उमरिया।** एडीजीपी शहडोल जोन डी.सी. सागर द्वारा सहायक उप निरीक्षक विनोद सिंह एवं सहयोगी स्टॉफ द्वारा युवक की जान बचाने पर 1500 (एक हजार पांच सौ) के नगद ईनाम से पुरस्कृत किया गया है। पुलिस अधीक्षक उमरिया को उनके कुशल नेतृत्व के लिए प्रशस्ति पत्र प्रेषित किया गया। विदित हो कि 22 मार्च की रात करीब 1:15 बजे एक व्यक्ति द्वारा डॉयल 100 पर आत्महत्या करने की सूचना देने पर, ड्यूटी में तैनात सहायक उप निरीक्षक विनोद सिंह एवं सहयोगी स्टॉफ तत्काल घटना स्थल पहुंचकर, उस व्यक्ति को फांसी के फंदे से निकालकर, जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इस प्रकार तत्परतापूर्वक कार्यवाही कर एक व्यक्ति की जान बचाई। एडीजीपी शहडोल जोन डी. सी. सागर ने कहा कि यह कार्य आपके कुशल नेतृत्व को भी परिलक्षित करता है, जिसकी मैं प्रशंसा करता हूँ। आशा है, आप इसी तरह से अपने जिले में पदस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों का मनोबल कायम रखेंगे और व्यवसायिक दक्षता का परिचय देते रहेंगे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली का एसडीएम ने किया निरीक्षण



**उमरिया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली का एसडीएम पाली टी. आर. नाग द्वारा औचक रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दवा वितरण कक्ष, महिला एवं पुरूष वार्ड, डाक्टर कक्ष, पंजीयन कक्ष आदि का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टर नियत समय पर उपस्थित रहे, ताकि अस्पताल तक आने वाले मरीजों को इलाज हेतु इधर-उधर भटकना नहीं पड़े। इसके साथ ही अस्पताल परिसर में साफ -सफाई नियमित रूप से कराई जाएं। बेड सीटों को नियमित रूप से बदला जाए।

# फ्लैग मार्च निकालकर होली का त्यौहार आपसी भाईचारे के साथ मनाने का दिया संदेश



उमरिया

शहडोल जोन की डीआईजी सविता सुहाने के नेतृत्व में उमरिया जिले के पाली एवं नौरोजाबाद नगर के प्रमुख मार्गों में फ्लैग मार्च निकाल कर लोगो से संवाद किया गया। संवाद के दौरान डीआईजी सविता सुहाने ने जगह-जगह लोगो से संवाद करते हुए होली का त्योहार शांतिपूर्ण एवं आपसी सौहार्द के साथ मनाए जाने एवं किसी भी प्रकार का नशा न करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने 19 अप्रैल को 12 अनुसूचित जन जाति शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए होने वाले निर्वाचन के बारे में भी लोगो से चर्चा कर अधिक से अधिक मतदान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि बिना किसी भय, प्रलोभन मे आये बिना मतदान करें और यदि आपको किसी भी प्रकार की समस्या हो तो तत्काल पुलिस से संपर्क करें।

इस दौरान एसडीएम टी. आर. नाग, एसडीओपी शिवचरण बोहित, पाली टीआई एम. एल. मरावी, नौरोजाबाद टीआई अरुणा व्दिवेदी, तहसीलदार डीलन सिंघ मरावी, नायब तहसीलदार सनथ सिंह, नौरोजाबाद तहसीलदार अभयनंदन शर्मा एवं जिले का बल उपस्थित रहा।

## पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 1 का प्रशिक्षण संपन्न



उमरिया

मतदान दल की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन में मतदान दलो की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसके लिए मतदान दलों को निर्वाचन प्रक्रिया से भली भांति अवगत होना आवश्यक है। मतदान के पूर्व की तैयारियों से लेकर मतदान दिवस तथा मतदान का समय समाप्त होने के पश्चात एवं मतलेखा तैयार करनें की जानकारी से अवगत होना आवश्यक है। मतदान दल में तैनात सभी शासकीय सेवक मतदान दल ईव्हीएम संचालन का पर्याप्त अभ्यास कर लें। इसके साथ ही अपनी शंकाओ का समाधान भी प्रशिक्षण दौरान ही कर लें, ताकि निर्वाचन निर्वाध्द रूप से संपन्न हो सके। उक्त आशय के विचार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी क्रमांक-1 के प्रशिक्षण को शासकीय रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय में संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग व्दारा जारी दिशा निर्देशों का भली भांति अध्ययन कर लें तथा प्रशिक्षण के दौरान अपनी शकांओं का समाधान भी अनिवार्य रूप से कर लें एवं लोकसभा निर्वाचन को स्वकतंत्र, निष्पक्ष, निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने में अपनी महती भूमिका अदा करें। मास्टर ट्रेनर्स व्दारा मतदान दल के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व, मतगणना एजेंटों की मतदान केंद्र पर नियुक्ति, मतदान केंद्र पर एक दिन पूर्व की जाने वाली कार्यवाही, मतदान के पूर्व की तैयारी एवं माकपोल, मतदान की पूर्व तैयारी एवं माकपोल, माकपोल का क्रम, माकपोल के दौरान मशीनों का परिवर्तन, माकपोल के पश्चात मशीनों की सीलिंग, वास्तविक मतदान प्रारंभ, मतदान केन्द्र में प्रवेश हेतु अनुमत्त व्यक्ति, मतदान केंद्र पर मतदाताओं के प्रवेश का विनिमय, मतदान केंद्र और आस पास निर्वाचन विधि का प्रवर्तन, मतदान प्रक्रिया, मतदान कें दौरान की विशेष स्थितियां, बैटरी का विस्थापन,विस्थापन, व्हीव्हीपीएटी पेपर स्लिप पर गलत प्रिंट, मतदान समाप्ति पर कार्यवाही, निर्वाचन अभिलेख तैयार करना एवं पैकिंग,किंग, बुकलेट प्रपत्र, आदि की जानकारी दी गई।

## कमिश्नर-कलेक्टर ने प्रशिक्षण कार्य का किया निरीक्षण



**शहडोल।** कमिश्नर बी.एस.जामोद एवं कलेक्टर तरूण भटनागर ने आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए संभागीय मुख्यालय शहडोल के शासकीय शासकीय कन्या महाविद्यालय शहडोल में मतदान कर्मिकों को दिये जा रहे प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण किया।प्रशिक्षण के दौरान कमिश्नर बी.एस. जामोद ने प्रशिक्षण दे रहे मास्टर ट्रेनर्सों एवं मतदान कर्मिकों से मतदान प्रक्रिया, ईव्हीएम मशीनों को चालू, बंद करने एवं माकपोल करने के बाद वास्तविक मतदान करने के लिए ईव्हीएम मशीनों को कैसे तैयार करना है, इसकी जानकारी भी प्राप्त की। कमिश्नर श्री जामोद ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान कर्मिकों से कहा कि प्रशिक्षण के दौरान ईव्हीएम या व्हीव्हीपीएटी मशीनों के संबंध में अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करे, जिससे मतदान दिवस के दिन किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों का भलीभांति से अध्ययन कर लें।

## होली त्योहार मनाये जाने के संबंध में दिशा निर्देश जारी

उमरिर्या

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने 24 मार्च होलिका दहन एवं 25 मार्च को होली का पर्व मनाये जाने हेतु दिशा निर्देश जारी किए है। जारी निर्देश मे कहा गया है कि परम्परागत होली का दहन जिस स्थान पर होता है, उसी स्थान पर जलाई जाये एवं कण्डे की होली जलाई जाये। बिजली के खम्भो, गोदामों, पेट्रोल पम्पों के पास होलिका दहन नहीं किया जावेगा। होलिका दहन के स्थलों का निरीक्षण संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) द्वारा संयुक्त रूप से किया जावेगा। साउन्ड बॉक्स का उपयोग मंद ध्वनि से अनुविभागीय दण्डाधिकारी की अनुमति के उपरांत ही किया जावेगा। डी. जे. लाउडस्पीकर पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। होलिका दहन के बाद जो भी मलवा तथा जली लकडियां बचेगी उनकी सफाई का कार्य नगरीय क्षेत्र में नगर पालिका तथा नगर पंचायत एवं ग्रामीण क्षेत्र में सम्बंधित ग्राम पंचायत द्वारा किया जावेगा। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि होलिका दहन में हरे-भरे वृक्षों की कटाई नहीं की जावे। होली पर्व के दौरान वाहनों को रोककर जबरन चंदा वसूली नही की जावेगी। यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा जबरन चंदा वसूलते पाया गया तो पुलिस विभाग के सहयोग से समय-समय पर पेट्रोलिंग की जावेगी। सभी समुदायों की भावनाओं को ख्याल में रखते हुये होली का पर्व शालीनता से मर्यादित व सौहार्द पूर्ण ढंग से मनाया जावे। नशे की हालत में वाहन चलाना प्रतिबंधित रखा जावें। इस हेतु मुख्य मार्गों में जगह-जगह ब्रेथ डिटेक्टर के साथ पुलिस बल तैनात किये जावें। जिले में पानी की कमी को दृष्टिगत रखते हुए होली खेलने हेतु गुलाल एवं प्राकृतिक रंगों का प्रयोग किया जाए जिसमें कम से कम पानी का उपयोग हो। इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे कि जबरन किसी व्यक्ति को रंग नही लगाया जावें। केमिकल युक्त रंग का उपयोग न करें। चेहरे आदि पर किसी प्रकार की क्षति होने पर होली खेलने वाले के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जावेगी। त्यौहारों में विद्युत आपूर्ति निरंतर बनाये रखा जाये ताकि त्यौहार पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाये जा सके। शांति व्यवस्था हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी अपने स्तर पर कार्यपालिक दण्डाधिकारी एवं थाना प्रभारियों की बैठक आयोजित करें। अनुविभागीय दण्डाधिकारी अपने स्तर कार्यपालिक दण्डाधिकारी एवं थाना प्रभारियों की बैठक आयोजि करें। होली का दहन रात्रि 9 बजे प्रारंभ किया जावेगा। 24 मार्च सांय 8 बजे से 25 मार्च को सांय 7 बजे तक शराब की दुकाने बंद रहेगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी होलिका दहन के एक दिन पूर्व अग्निशमन यंत्र वाहन पानी भरकर दल सहित पुलिस कंट्रोलरूम उमरिया में रखेंगे। स्वास्थ्य विभाग की एम्बुलेंस व डॉक्टर की टीम की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। पर्व के दौरान शरीर के लिये नुकसानदेह सामग्री का गहनता से निरीक्षण अनुविभागीय दण्डाधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) एवं खादय सुरक्षा अधिकारी के दल द्वारा किया जाएगा।

### ग्राम लगवारी में स्वीप अभियान के तहत मतदाताओं को दिलाई गई शपथ



**उमरिया।** भारत निर्वाचन आयोग व्दारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए 12 अनुसूचित जन जाति शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान 19 अप्रैल को संपन्न होगा। निर्वाचन में अधिक से अधिक संख्या में मतदाता अपने मत का दान करें इस हेतु स्वीप अभियान के तहत मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ग्राम लगवारी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया इसके साथ ही ग्राम लगवारी में शत प्रतिशत मतदान के लिए घर-घर जाकर संपर्क, दीवाल लेखन, मतदाता जागरूकता रैली, शपथ, रंगोली के माध्यम से जागरूकता, बाहर रहने वाले मतदाताओ से संपर्क करने की रणनीति पर चर्चा की गई।

## होलिका दहन आज, बाजार पर चढ़ा होली का रंग



**कोतमा।** होली पर्व की खुमारी में पूरा जिला सराबोर हो चुका है। बाजार में होली का रंग चढ़ गया है। शनिवार को बाजारों में अबीर-गुलाल, पिचकारी और जरूरी सामानों की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। सुबह से लेकर शाम तक दुकानों पर खरीदारों की भीड़ लगी रही। आपसी भाईचारा एवं सौहार्द के पर्व होली को लेकर हर कोई उत्साहित है। करीब एक सप्ताह पहले से चल रही होली की तैयारी अंतिम दौर में पहुंच गई है। होलिका दहन के लिए जहां स्थापित होलिकाओं में लकड़ी, उपली समेत अन्य सामान लेने के लिए युवा परेशान रहे, वहीं महिलाएं, बुजुर्ग बाजारों में घरेलू सामानों की खरीदारी के लिए पहुंचे। जिला मुख्यालय सहित कोतमा बिजुरी राजनगर रामनगर भालूमाड़ा जमुना कालरी राजेंद्र ग्राम अमरकंटक वेंकट नगर चचाई जैतहरी मे बाजार होली की खरीदारी को लेकर गुलजार रहे। शनिवार को दिन भर बाजारों में चहल पहल रही। लोगों ने रंग, अबीर गुलाल खरीदें। वहीं गृहणियों ने रेडीमेड चिप्स पापड़, नमकीन की खरीदारी की। घरों में भी पकवान बनाए जा रहे हैं। बच्चों में पर्व को लेकर ज्यादा उत्साह नजर आ रहा है। इसी तरह खोया, वनस्पति तेल, मैदा, डालडा, देशी घी, चिप्स, पापड़ की दुकानों सहित सब्जी की दुकानों में ग्राहकों की भीड़ रही। कोतमा नगर में दो दर्जन से अधिक होलिका जलाई जाएगी वहीं स्कूलों में अवकाश होने से बच्चों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल और रंग लगाकर खुशी जताई। सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के बच्चे रंगो में सराबोर दिखे। रविवार की रात में होलिका दहन होगा जबकि सोमवार को सुबह से लोग होली खेलेंगे।

### सुरक्षा के पूरे इंतजाम

होली को सकुशल एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन की ओर से पूरी व्यवस्था की गई है। थाना प्रभारी सुंन्द्रेश मरावी ने बताया कि होली पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने को लेकर रविवार को नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मोबाइल पार्टी भी बनाई गई है जो सुबह से लेकर देर रात तक फिक्स पॉइंट ऑन का भ्रमण करेगी। आदर्श आचार संहिता भी लागू है जिसको लेकर भी सभी से कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। 10 बजे के बाद डीजे पर प्रतिबंध है ध्वनि विस्तारक यंत्र भी नहीं बचाए जाएंगे। कोतमा नगर के प्रमुख चौराहा एवं मस्जिदों में भी पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

होली, भारतीय संस्कृति का एक प्रमुख त्योहार है जो रंगों का उत्सव मनाने के लिए माना जाता है। यह त्योहार हिन्दू पंचांग के फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है और भारत व अन्य कई देशों में धूमधाम से मनाया जाता है। होली का महत्व रंगों की भरमार, खुशियों का प्रकटीकरण और बुराई पर अच्छाई की जीत को दशार्न में है। पंडित अमन पांडे ने बताया कि होली की तिथि, 25 मार्च को है, जबकि होलिका दहन 24 मार्च को होगा।

### होली तिथि और पूजा का समय मुहूर्त

पंडित अमन पाण्डेय ने बताया कि होली फाल्गुन मास की पूर्णिमा के अगले दिन मनाई जाती है, जब लोग गुलाल (सूखे रंग), फूल और पानी से होली खेलते हैं। पूर्णिमा के दिन सूर्यास्त के बाद हर चौराहे, कॉलोनी, सोसायटी और मैदान में होलिका जलाई जाती है। इस साल होली सोमवार 25 मार्च को खेली जाएगी, जबकि होलिका दहन रविवार 24 मार्च को मनाया जाएगा। होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और कहा जाता है कि इससे समृद्धि और खुशियाँ आती हैं और सभी नकारात्मकता और बीमारियाँ नष्ट हो जाती हैं। 24 मार्च को प्रातः 09:54 बजे पूर्णिमा तिथि समाप्त 25 मार्च को दोपहर 12:29 बजे होलिका दहन का शुभ समय रात 11:13 बजे से रात 12:27 बजे तक है। नगर के आजाद चौक गांधी चौक स्टेशन चौक पुराना अस्पताल चौक रेलवे कॉलोनी बनिया टोला शिशु भारती स्कूल के पास पुरानी बस्ती शिव सागर धाम तलैया दफाई टोला फिल्टर मोहल्ला दर्री टोला गोविंदा लहसुई कैंप विकास नगर रेस्ट हाउस रोड कलमुडी गांव गोविंदा गांव सहित अन्य जगहों पर होलिका दहन किया जाएगा।

### कर रहे लकड़ी इकट्ठा

होलिका दहन को लेकर जहां बच्चे काफी उत्साहित है एक सप्ताह पूर्व से ही होलिका के लिए बच्चे लकड़ी इकट्ठी करना शुरू कर दिए हैं। शनिवार को भी सुबह से लेकर देर रात तक बच्चे लकड़ी एवं गोबर का कंडा इकट्ठा करने में जुटे रहे। रविवार को होलिका दहन है इसके एक दिन पूर्व शनिवार को सुबह से लेकर देर रात तक बाजार में खरीदारों की भीड़ लगी रही। लोग पूजा सामग्री सहित रंग अबीर गुलाल एवं बच्चों के लिए पिचकारी मुखोटे टी-शर्ट की खरीदारी करने के लिए दुकानों में भी लगी रही।

## मानवता की अनूठी मिसाल | अबोध बच्चे के इलाज के लिए 24 घंटे में जुटाये 3 लाख से ज्यादा



**कोतमा।** 8 फरवरी को कोतमा के निकट भाद गांव मे निवास करने वाले गणेश प्रजापति का 6 वर्षीय बालक अपने घर की छत पर खेलते समय 11000 वोल्ट की तार के संपर्क में आ गया जिसकी वजह से उसके दोनों हाथ बुरी तरह से जल गए। उसके बाद ऋषभ के पिता उसे लेकर रायपुर इलाज के लिए एम्स अस्पताल लेकर गए जहां पर बढ़ रहे संक्रमण के कारण बच्चे का बायां हाथ कोहनी के नीचे से काटना पड़ा। दूसरे हाथ में बढ़ रहे संक्रमण की रोकथाम के लिए बच्चे के परिजन उसे लेकर जबलपुर के हॉस्पिटल लेकर गए जहां पर तीन से चार लाख रुपए का खर्चा डॉक्टरों ने बताया। जिसका वहन न करने पर परिवार ने अपनी पीड़ा कुछ समाजसेवियों के पास रखी उसके बाद सोशल मीडिया के माध्यम से सहायता की अपील की गई। और महज 24 घंटे के अंदर कोतमा बिजुरी अनूपपुर शहडोल के कई लोगों ने डिजिटल पेमेंट के माध्यम से करीब 3 लाख 15 हजार रुपए की सहायता राशि अबोध बालक ऋषभ के उपचार के लिए जुटा कर मानवता की मिसाल पेश की।

## शासकीय कार्य के लिए लैब टेक्नीशियन को मिला मोबाइल टेबलेट



**कोतमा।** भारत सरकार के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2025 तक टीबी मुक्त भारत का संकल्प लिया गया है। इसी संकल्प को पूर्ण करने के लिए सम्पूर्ण भारत मे राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम का संचालन जिम्मेदारी व गम्भीरता के साथ किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के अनुशंसा पर जिला क्षय अधिकारी डॉ एस सी रॉय के निर्देश पर और डीटीसी एसटीएलएस सोहराब अंसारी के सहयोग से ब्लाक कोतमा डीएमसी लैब टेक्नीशियन मो. हनीफ खान को टीबी उन्मूलन से संबंधित शासकीय कार्य करने के लिए जिला क्षय कार्यालय अनूपपुर द्वारा मोबाइल टेबलेट प्रदान किया गया। लैब टेक्नीशियन मो हनीफ खान द्वारा खुशी व्यक्त करते हुए अपने शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद सहित आभार

## होली त्यौहार शांतिपूर्ण मनाने को लेकर थाना प्रभारी ने ली तलाशी



**कोतमा।** शुक्रवार की रात को थाना प्रभारी सुंदरेश सिंह पुलिस बल के द्वारा लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया एवं होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण रूप से मनाए जाने को लेकर नगर के विभिन्न सड़कों पर भ्रमण करने के साथ प्रमुख स्थानों की तलाशी भी ली जिसके अंतर्गत स्टेशन चौक एवं बस स्टैंड का सघन निरीक्षण किया। जिसके बाद गांधी चौक, आजाद, चौक पंचायती मंदिर रोड, महावीर मार्ग सहित अन्य मार्गों में भ्रमण कर सड़क के मध्य लगे अतिक्रमण करने वालो को समझाइश देकर किनारे कराया साथ ही दो पहिया वाहन चालकों को भी धीमी गति से वाहन चलाने की समझाइस दी। इस दौरान पुष्पराज सिंह, लाल जी श्रीवास्तव, मनोज नामदेव सहित अन्य पुलिस कर्मी में शामिल रहे। थाना प्रभारी ने बताया कि आगामी दिनों में पड़ने वाले त्योहार होली एवं आदर्श आचार संहिता को लेकर प्रतिदिन गस्त करते हुए सार्वजनिक स्थानों पर चेकिंग की जाएगी। किसी भी प्रकार के उपद्रव एवं शांति भंग करने वालो पर तत्काल कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## वनविभाग की टीम ने की रात्रि गश्त

कोतमा



वनवृत शहडोल एल एल उइके एवं वनमंडलाधिकारी अनूपपुर सुश्री श्रद्धा पन्द्रे के निर्देशानुसार तथा उप वनमंडलाधिकारी अनूपपुर के मार्गदर्शन में वनपरिक्षेत्र कोतमा की टीम द्वारा 22 व 23.03.24 की दरम्यानी रात दो टीम बनाकर संपूर्ण रात्रि कालीन गस्ती की गई। एक टीम द्वारा लतार,मलगा एवं राजनगर सर्किल की गस्ती की गई तथा दूसरी टीम सर्किल कोतमा की गस्ती की गई। रात्रिकालीन गस्ती का मुख्य उद्देश्य वनों को सुरक्षित करना और अवैध उत्खनन अतिक्रमण अवैध परिवहन पर अंकुश लगाना है। गस्ती दल एक में प्रभारी पअ कोतमा ए के निगम, राजू केवट पस मलगा, कुशल प्रसाद मानिकपुरी बीटगार्ड हरद, बिहारी लाल रजक बीटगार्ड सकोला, शंकरदीन द्विवेदी बीटगार्ड दैखल रहे व दूसरी टीम में जे डी धार्वे प स कोतमा, विमला मराबी बीटप्रभारी मनटोलिया, अभिलाष सोनी बीटगार्ड चपानी, रमेश अहिरवार बीटगार्ड लोढी, राघवेन्द्र तिवारी बीटगार्ड पवराधार रहे। संपूर्ण रात्रि गस्ती की गई गस्ती के दौरान कोई अवैध अपराध नहीं पाया गया वनक्षेत्र सुरक्षित पाया गया। वनपरिक्षेत्र कोतमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निदेर्शानुसार नियमित गस्ती की जाएगी ऐसा प्रभारी वन परिक्षेत्राधिकारी कोतमा ने बताया है। कोतमा मुख्यवन संरक्षक वनवृत शहडोल एल एल उइके एवं वनमंडलाधिकारी अनूपपुर सुश्री श्रद्धा पन्द्रे के निदेर्शानुसार तथा उप वनमंडलाधिकारी अनूपपुर के मार्गदर्शन में वनपरिक्षेत्र कोतमा की टीम द्वारा बीट सेमरा कक्ष क्रमांक पी एफ 490 में फुलवारी टोला ग्राम में राजनगर निवासी इमरान अंसारी द्वारा अतिक्रमण कर सीमेंट पोल गाडकर बाउन्ड्री बनाई जा रही थी। खबर पर वनअमला तत्काल मौके पर पहुचकर अतिक्रमण के प्रयास को विफल कर दिया है। अतिक्रमणकारी ने बताया कि एक जरीब20 मीटर अंदर तक राजस्व निरीक्षक द्वारा उन्हें बताया गया था किन्तु वन नक्सा के आधार पर वनभूमि होने से गडे खम्भे हटाए गए और वनभूमि अतिक्रमण मुक्त कराई गई। कार्यवाही मे ए.के.निगम प्रभारी प.अ.कोतमा तुलसीदास नापित प.स.राजनगर, रामस्वरूप सिंह बीटगार्ड, दादूराम कुशवाहा, राघवेन्द्र तिवारी की भूमिका सराहनीय रही है।

## सीटू ने मनाया भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत दिवस



**जैतहरी।** संयुक्त ठेकेदारी मजदूर यूनियन सीटू ने यूनियन कार्यालय तहसील के पास जैतहरी में शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव का शहादत दिवस मनाया। सबसे पहले सीटू के अध्यक्ष कामरेड जुगल किशोर राठौर ने दीप प्रज्वलित कर आजादी के लड़ाई में अपने आप को न्योछावर करने वाले क्रांतिकारियों का सम्मान किया एवं उपस्थित साथियों ने गगन भेदी नारा लगाते हुए भगत सिंह एवं उनके साथियों के सपनों को मंजिल तक पहुंचाएंगे, का संकल्प लिया। तत्पश्चात यूनियन के अध्यक्ष जुगुल किशोर राठौर ने संबोधित करते हुए कहा कि दुर्भाग्य है कि जिस विचारधारा के लोगों ने शहीद ए आजम भगत सिंह एवं उनके साथियों को फांसी के तख्ते पर लटकाने के लिए मांग किया, आज उसी विचारधारा के लोग देश के सिंहासन पर बैठकर किसान बिरोधी, मजदूर विरोधी कानून बनाकर शोषण एवं उत्पीड़न को

## अपात्र उठा रहे बीपीएल का लाभ

**जमुना/बदरा।** शासन प्रशासन द्वारा गरीब अपाहिज लाचारी वृद्धो को जो सुविधा मुहैया कराई जाती है उसमें भारी मात्रा में पक्षपात किया गया है करीब दो सौ से ज्यादा बीपीएल कार्ड ग्राम पंचायत सकोला में अवैध बनवाए गए। बताया जा रहा है कि अपात्र जिनको गरीबी रेखा के नीचे निवास करने की श्रेणी में नहीं गिना जाता उनके नाम गरीबी रेखा कार्ड बना हुआ है साथ ही मेढ़बंधान और शासन के अन्य कार्य और स्कूल में बच्चों को फ्री पढ़ने की होड़ में अमीरों का बीपीएल कार्ड बना है जमीन टू व्हीलर फोर व्हीलर है पर गरीबों से महा गरीब हैं। जानकारों से पता चला है कुछ मिली भगत से 3500 प्रति कार्ड लिया गया रोजगार सहायक और तहसील से कुछ मिले हुए लोग द्वारा पूर्व पटवारी ने सभी लोग बिना जांच किए अमीरों का बीपीएल कार्ड में सहयोग किया मांग की जा रही है कि जांच कराई जाए तो वास्तविकता सामने आएगी ग्रामीण जन का मानना है कि पड़ताल कढ़ाई रूप में कराई जाए काफी संख्या में अपात्र लोग फायदा उठा रहे हैं उन पर कार्यवाही की जाए।

## खबर संक्षेप

### जिला शिक्षा अधिकारी वर्तमान कर्तव्यों के साथ निभाएंगे डीपीसी का दायित्व

**अनूपपुर।** सर्व शिक्षा अभियान जिला शिक्षा केन्द्र अनूपपुर के जिला परियोजना समन्वयक हेमन्त खैरवाल का स्वास्थ्य खराब होने के कारण वर्तमान समय में अवकाश पर होने से कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने आदेश जारी कर जिला शिक्षा अधिकारी रमेश सिंह को आगामी आदेश तक अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान जिला शिक्षा केन्द्र अनूपपुर के समस्त दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### आबादी क्षेत्र में विचरण कर रहे मोर

**अनूपपुर।** वन मंडल अनूपपुर के अनूपपुर एवं जैतहरी वन परिक्षेत्र के आबादी बाहुल्य दो अलग,अलग ग्रामों के टोला-मोहल्ला में विगत एक वर्ष से निरंतर विचरण कर रहे राष्ट्रीय पक्षी मोर पर आगामी त्यौहार को देखते हुए नजर बनाए रखने तथा विचरण की स्थिति को देखते हुए सतर्कता बरतने के संबंध में अनूपपुर वन मंडलाधिकारी डीएफओ ने वन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। ज्ञातव्य है कि अनूपपुर वन मंडल अंतर्गत अनूपपुर एवं जैतहरी वन परीक्षेत्र के दो ग्रामों में विगत एक वर्ष से राष्ट्रीय पक्षी दो मादा एवं एक नर मोर निरंतर विचरण कर रहे हैं जो दिन के समय ग्रामीणों के अन्य पशु-पक्षियो के साथ विचरण करते हुए रात होने पर आस-पास के पेड़ों में अपना रहवास बनाकर रहते हैं यह प्रक्रिया निरंतर चल रही है जिसकी जानकारी ग्रामीणों द्वारा अनूपपुर जिला मुख्यालय के वन्य जीव संरक्षक शशिधर अग्रवाल को दिए जाने पर उनके द्वारा वन मण्लाधिकारी अनूपपुर शुश्री श्रद्धा पेन्द्रे के साथ वन परिक्षेत्र अधिकारी अनूपपुर एवं जैतहरी को अवगत कराते हुए आने वाले विशेष त्यौहार होली को देखते हुए मोरों के विचरण पर निगरानी रख सुरक्षा बनाए रखने की बात कहीं रही है जिस पर डीएफओ अनूपपुर द्वारा वन विभाग के मैदानी अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्रीय पक्षी मोरों के विचरण पर नजर रखने तथा संरक्षण करने की निर्देश दिए हैं।

### सजहा के जंगल में मिला अधेड़ का शव



**अनूपपुर।** कोतवाली थाना अनूपपुर से 17 किमी दूर स्थित शहडोल-अमरकंटक मुख्यमार्ग के मध्य ग्राम सजहाटोला के जंगल में शनिवार की सुबह दिशा मैदान के लिए गई एक महिला कौशिल्या पति विजय नायक ने जंगल के अंदर स्थित पगडंडी मार्ग में एक अज्ञात व्यक्ति का शव सड़े-गले स्थिति में पड़ा होना देखकर चेलाराम नायक को सूचना दिये जाने पर उनके द्वारा अनूपपुर जिला मुख्यालय के सामाजिक कार्यकर्ता शशिधर अग्रवाल को स्थिति की जानकारी देते हुए कार्यवाही कराए जाने का आग्रह किया जिस पर श्री अग्रवाल द्वारा कोतवाली थाना अनूपपुर निरीक्षक अरविंद जैन को घटना की जानकारी फोटोग्राफ सहित प्रदाय किए जाने पर कोतवाली अनूपपुर निरीक्षक अरविंद जैन, उपनिरीक्षक मंगला दुबे, सहायक उपनिरीक्षक सन्तोष वर्मा, प्रधान आरक्षक महेन्द्र राठौर पुलिस दल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर खोजबीन प्रारम्भ की जिस पर मृतक की पहचान पड़ोस के शहडोल जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत खोह के समुद्धाटोला टोला निवासी 56 वर्षीय अमृत सिंह पिता चमरू सिंह के रूप में मृतक के पुत्र खेलावन सिंह ने पहचान की जिस पर पुलिस द्वारा मौके पर पंचनामा एवं गवाहों के बयान दर्ज करते हुए मृतक के शव का पीएम कराए जाने हेतु जिला अस्पताल के शव वाहन से जिला अस्पताल अनूपपुर भेजते हुए घटना के कारणो की विवेचना में कर रही है। प्रारंभिक तौर पर मृतक अमृत सिंह के मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है मृतक के पड़ोसियों एवं रिश्तेदारों ने बताया कि मृतक विगत छः दिन पूर्व सोमवार को घर से निकला था जिसके घर न पहुंचने पर परिजन रिश्तेदारी एवं अन्य स्थानों पर तलाश कर रहे थे।

## 24 घंटे के भीतर पुलिस के हत्थे चढ़ा दोहरे हत्याकाण्ड का आरोपी

# प्रेमी ने प्रेमिका व उसकी बेटी को उतारा था मौत के घाट

### जैतहरी थाने के कदमसरा गांव का मामला

थाना जैतहरी अन्तर्गत 21 मार्च को दो हत्या के अपराध पंजीबद्ध हुए थे जिनमे अपराध क्र 138/2024 धारा 363, 302, 201 भादवि व अपराध क्र. 141/2024 धारा 302 201 भादवि शामिल है। उपरोक्त दोनों ही अपराध जघन्य होने से चिन्हित एवं सनसनीखेज अपराध में शामिल किये गये।



**अनूपपुर।**

उपरोक्त घटना की सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, शहडोल जोन डी सी. सागर पुलिस उप महानिरीक्षक, शहडोल रेंज सुश्री सविता सोहाने, पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेन्द्र सिंह पंवार, अति पुलिस अधीक्षक अनूपपुर शिवकुमार सिंह एवं एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा घटना स्थल पर पहुँचे। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री सागर द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण कर पुलिस अधीक्षक एवं अनुसंधान टीम को अपराध में फोरेंसिक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अनुसंधान करने के निर्देश दिये गये। साथ ही अनुसंधान में परिस्थितिजन्य साक्ष्य एवं पीएम रिपोर्ट का विश्लेषण कर अनुसंधान में शामिल करने के निर्देश दिये गये। निर्देशों के पालन में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा एफ एस एल अधिकारी फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट, पुलिस डॉग मय हॅडलर सहित तीन थानों का पुलिस बल सर्चिंग, अनुसंधान में सहायता हेतु लगाया गया।

### एडीजीपी ने की थी ईनाम की घोषणा

अपराध क्रमांक 138/2024 में नाबालिग बालिका, आयु लगभग 12 वर्ष निवासी ग्राम कदमसरा की लाश गाँव के पास नाले के किनारे जंगल की झाड़ियों में मिली, जिसका धारदार हथियार से गला कटा हुआ, सिर में गहरी चोट होकर शव खून से लथपथ पाया गया। इस घटना पर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के विरुद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया। एडीजीपी डी.सी. सागर द्वारा अपराध में अज्ञात आरोपी की सूचना देने वाले व्यक्ति को रुपए 30,000 के नगद ईनाम की उद्घोषणा की गई।

### बदनामी से बचने आरोपी ने ली बालिका की जान

जांच में पाया गया कि घटना दिनांक 20 मार्च को आरोपी राजेश उर्फ गोलू पनिका, मृतिका रूपा के पति नीलू पनिका के सुबह मजदूरी करने जाने के बाद उसके घर गया। जहां मृतिका की बालिका ने आरोपी राजेश उर्फ गोलू एवं बालिका की माँ रूपा को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। इसके बाद से ही आरोपी राजेश उर्फ गोलू अनैतिक संबंध की बदनामी से बचने के लिए बालिका को हटाने का प्लान बनाया। इसके लिए आरोपी ने बालिका को उसकी मां के घर में पेंट करने वाला ब्रश राजनारायण के घर से लाने को कहा तथा बालिका को 50 रुपए देकर तम्बाखू का पाउच किराना दुकान से लाने तथा बचे हुए पैसे रखने के लिये लालच देकर भेज दिया। मृतिका रूपा की बालिका जैसे ही बाहर गई। आरोपी राजेश उर्फ गोलू ने बालिका को अगवाकर गांव के पास जंगल ले गया। जहाँ आरोपी ने बालिका के साथ दुष्कर्म किया तथा पत्थर से मारकर, धारदार चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी और गांव से बाहर फरार हो गया।

### प्रेमी ने ही उतारा मौत के घाट

इसी अनुक्रम में अपराध क्रमांक 141/2024 धारा 302 201 भादवि के अनुसंधान में पाया गया कि, मृत बालिका की माँ रूपा बालिका की दिन भर तलाश एवं इंतजार करती रही, शाम को 7-8 बजे आरोपी राजेश उर्फ गोलू जब अपने मित्र लवकुश के घर सोने के लिये जा रहा था, तब मृतिका की माँ रूपा ने आरोपी राजेश उर्फ गोलू से बालिका की पता-तलाश के बारे में पूछताछ करने पर मृतिका रूपा पनिका एवं आरोपी राजेश उर्फ गोलू के बीच झगड़ा विवाद हुआ, तो आरोपी ने मृतिका रूपा पर लोहे की रॉड से अनेक वार किये जिससे वह बेहोश हो गई। जिस पर आरोपी ने नायलोन की रस्सी से महिला रूपा के गले में फंदा लगा कर दम घोंटने की कोशिश की, फिर उसी रस्सी से पटाव की लकड़ी, बल्ली से बाँधकर रूपा को फाँसी पर लटका दिया। इस कारण महिला रूपा की मृत्यु हो गई। इस प्रकार, उपरोक्त दोनों अंधी हत्याओं की गुत्थी अनूपपुर पुलिस द्वारा मात्र 24 घण्टे में आरोपी को ज्ञात कर, गिरफ्तारी कर, सुलझा दिया गया।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

दोहरे हत्या कांड का खुलासा करने में चौकी वेंकटनगर के सहायक उपनिरीक्षक बालेन्द्र प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक संतोष मिश्रा सुखदेव राम भगत, आरक्षक सग्राम वास्कले, बलराम पैकरा, थाना जैतहरी के थाना प्रभारी पीसी कोल, उप निरीक्षक अमरलाल यादव, सहायक उपनिरीक्षक जय सिंह मरावी, विनोद विश्वकर्मा, सरिता लकडा, महिला प्रधान आरक्षक लेखनवती, आरक्षक मोहित राणा, विक्रम परमार, थाना राजेंद्रग्राम के उपनिरीक्षक अनुराधा परस्ते, थाना बिजुरी के थाना प्रभारी विकास सिंह, सहायक उपनिरीक्षक कमलेश तिवारी, रविकरण पयासी, उदय प्रजापति, अश्विनी मिश्रा, थाना रामनगर के थाना प्रभारी अमर वर्मा, सहायक उपनिरीक्षक धर्मेंद्र महोबिया, विनोद नाहर, आरक्षक मदनलाल पाटिल, मनोज उपाध्याय, रिंकू गोले, थाना अमरकंटक के आरक्षक वीर सिंह आदेश शाक्य, पारस जामोद की सराहनीय भूमिका रही।

## ज्योतिषाचार्य पंडित अखिलेश त्रिपाठी ने दी होलिका दहन की जानकारी

# चंद्र ग्रहण का नहीं होगा भारत में कोई असर



**अनूपपुर।**

फाल्गुन पूर्णिमा को होलिका दहन और इसके अगले दिन होली मनाई जाती है। इस साल फाल्गुन पूर्णिमा तिथि 24 मार्च को सुबह 09 बजकर 54 मिनट से शुरू होगी। वहीं इस तिथि का समापन अगले दिन यानी 25 मार्च को दोपहर 12 बजकर 29 मिनट पर होगा। होली एक सांस्कृतिक, धार्मिक और पारंपरिक त्योहार है। पूरे भारत में इसका अलग ही जश्न और उत्साह देखने को मिलता है। होली भाईचारे, आपसी प्रेम और सद्भावना का त्योहार है। इस दिन लोग एक दूसरे को रंगों में सराबोर करते हैं। होली हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व है। बसंत का महीना लगने के बाद से ही इसका इंतजार शुरू हो जाता है। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा की रात होलिका दहन किया जाता है और इसके अगले दिन होली मनाई जाती है। हिंदू धर्म के अनुसार होलिका दहन को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना गया है। होली एक सांस्कृतिक, धार्मिक और पारंपरिक त्योहार है। पूरे भारत में इसका अलग ही जश्न और उत्साह देखने को मिलता है। होली भाईचारे, आपसी प्रेम और सद्भावना का त्योहार है। इस दिन लोग एक दूसरे को रंगों में सराबोर करते हैं। घरों में गुझिया और पकवान बनते हैं। लोग एक दूसरे के घर जाकर रंग-गुलाल लगाते हैं और होली की शुभकामनाएं देते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं इस साल होली की सही तारीख और

### क्या है शुभ मुहूर्त

होलिका दहन सोमवार, 25 मार्च को किया जाएगा. इस दिन शाम 6 बजकर 33 मिनट से 7 बजकर 53 मिनट तक भद्रा पुंछ रहेगी. ऐसे में होलिका दहन का मुहूर्त रात 11 बजकर 12 मिनट से लेकर रात 12 बजकर 07 मिनट तक रहने वाला हैफाल्गुन पूर्णिमा पर होलिका दहन से पहले होलिका माई की विधिवत पूजा होती है. इस दिन सूर्योदय से पहले उठें और स्नान के बाद साफ-सुथरे वस्त्र पहनें. शाम को होलिका दहन के स्थान पर पूजा की थाल लेकर जाएं. यहां पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठें. सबसे पहले होलिका को उपले से बनी माला अर्पित करें. अब रोली, अक्षत, फल, फूल, माला, हल्दी, मूंग, गुड़, गुलाल, रंग, सतनाजा, गेहूं की बालियां, गन्ना और चना आदि चढ़ाएं.

### भक्त प्रहलाद से जुड़ी है कथा

त्रिपाठी ने बताया की हिन्दू धर्म के अनुसार होलिका दहन मुख्य रूप से भक्त प्रह्लाद की याद में किया जाता है। भक्त प्रह्लाद राक्षस कुल में जन्मे थे परन्तु वे भगवान नारायण के अनन्य भक्त थे। उनके पिता हिरण्यकश्यप को उनकी ईश्वर भक्ति अच्छी नहीं लगती थी इसलिए हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद को अनेकों प्रकार के जघन्य कष्ट दिए। उनकी बुआ होलिका जिसको ऐसा वस्त्र वरदान में मिला हुआ था जिसको पहन कर आग में बैठने से उसे आग नहीं जला सकती थी। होलिका भक्त प्रह्लाद को मारने के लिए वह वस्त्र पहनकर उन्हें गोद में लेकर आग में बैठ गई। भक्त प्रह्लाद की विष्णु भक्ति के फलस्वरूप होलिका जल गई और प्रह्लाद का बाल भी बांका नहीं हुआ। शक्ति पर भक्ति की जीत की खुशी में यह पर्व मनाया जाने लगा। साथ में रंगों का पर्व यह सन्देश देता है कि काम, क्रोध,मद,मोह एवं लोभ रुपी दोषों को त्यागकर ईश्वर भक्ति में मन लगाना चाहिए।

## सरसंघचालक के विचार का वैज्ञानिक प्रमाणन के लिए

### अमरकंटक केन्द्रीय विवि से जारी पीएचडी शोध पर होगा अंतर्राष्ट्रीय मंथन

**अनूपपुर।** केंद्रीय विश्वविद्यालय के शोध छात्र, अभाविप विश्वविद्यालय खंड के पूर्व अध्यक्ष तथा स्वावलंबी भारत अभियान के शहडोल जिला युवा आयाम प्रमुख चिन्मय पांडे अपने पीएचडी कार्य में प.पू. सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत के विचार पर शोध कर रहे है। पीएचडी का टॉपिक ओम है जिसमे हम सबके पूर्वज समान है, डीएनए मैपिंग के आधार पर हजारों साल पहले के अखंड भारत काबुल के पश्चिम से छिंदविन नदी की पूर्व तक और चीन की तरफ की ढलान से श्रीलंका के दक्षिण तक जो मानव समूह के लोंगों का डीएनए समान है। हमारे पूर्वजों ने ही हमें सब सिखाया है. सबकी अपनी-अपनी पूजा-पद्धती है, मान्यताएं हैं. सबकी अपनी-अपनी भाषा है और विविधता में एकता वाले ये सभी लोग हिंदु ही है इसका वैज्ञानिक प्रमाणन करने रिसर्च किया जा रहा है। चिन्मय पांडे के शोध निदेशक आचार्य (डॉ) विकास सिंह है।



**दस्तावेजी प्रमाण साबित करते हैं कि भारत के सभी लोग हिंदू ही है**

चिन्मय पांडे का फरवरी 2021 में पीएचडी का पंजीयन हुआ है तथा 21 पीढ़ी तक के पूर्वजों की वंशावली का दस्तावेज यह साबित करते है की भारत में रहने वाले सभी पूजा पद्धति के लोग हिंदू ही है। यह जानकारी वैज्ञानिक एवं दस्तावेज प्रमाण के साथ बताया जाना अत्यंत अनिवार्य हो गया है, विदेशी आक्रांताओं द्वारा भारत के पूर्वजों पर किए गए घोर प्रताड़ना, अपहरण, बलात्कार, जबरन धर्मांतरण जैसे अत्याचारों की वजह से भारत के कुछ लोग धर्मांतरित हुए। शोध के प्रमाणन से भारत के लोंगों को अपने पूर्वजों पर हुए अत्याचार के कारण हुए धर्मांतरण को ध्यान में लाया जा सकेंगा। अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक, साधु संत, अकादमिक एवं प्रबुद्ध जनों के साथ होगा संगोष्ठी शोध विद्वान चिन्मय पांडे ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के माध्यम से भारत में रहने वाले 140 करोड़ भारतीयों के साथ-साथ अखंड भारत के लोग हिंदू ही है तथा उनके पूर्वजों की वंशावली में हिंदू होने की दस्तावेजी प्रमाणन है तथा डीएनए में एक समानता होने के कारण डीएनए भारत मूल के सभी लोग एक समान देखते हैं, इस पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोध पत्र आमंत्रित कर साधु-संत, अधिवक्ता, समाजसेवी, अकादमी विद्वान सभी से शोध पत्र लेकर प्रकाशित किया जाएगा। जिसमें इस बात की वैज्ञानिक प्रमाणिकता तथा दस्तावेजी प्रमाणिकता को इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस प्रोसीडिंग्स के रूप में प्रकाशित किया जाएगा, जिससे भारत के रहने वाले 140 करोड़ भारतीय यह जान सके कि उनके पूर्वज हिंदू ही थे। इसके लिए गया, प्रयागराज, कोणार्क, हरिद्वार सहित जहां-जहां भारत के विभिन्न स्थानों पर पूर्वजों के पिंडदान की प्रक्रिया होती थी वहां पर वंशावली के दस्तावेज सुरक्षित है, ऐसे समस्त वंशावली लेखक को एवं पंडों को भी आमंत्रित किया जाएगा।



# जोनल पीएनएम बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**अनूपपुर।** हम सब की क्षमता लगभग एक समान है परंतु अगर व्यक्ति अपनी सोच को बढ़ा कर निरंतर प्रयास करें तो हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है, यही लक्ष्य लेकर हमने मेरे 02 साल 08 माह के कार्यकाल में रेलवे स्वास्थ्य विभाग में व्यापक परिवर्तन हुआ है व्यवस्था में सुधार के आधुनिक मशीनें दी गई है रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव भेज कर 11 स्पेशलिस्ट डाक्टर के पद स्वीकृत हुए हैं, 17 करोड़ का बिलासपुर में आधुनिक इंडोर स्टेडियम की स्वीकृति दी गई है यह सब रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के मांग, सुझाव, सहयोग से हासिल हुआ है। उक्त उद्गार वर्ष 2024 के प्रथम जोनल स्थाई वार्ता तंत्र पीएनएम बैठक 21 व 22 मार्च को आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे बिलासपुर के महाप्रबंधक आलोक कुमार ने कहा। रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल अध्यक्ष तपन चटर्जी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा बिलासपुर महाप्रबंधक अलोक कुमार के पदस्थ होते ही रेल कर्मचारियों के हित में ऐतिहासिक फैसले हुए जीडीसी कोटा लगातार किया गया। 10% इंटक कोटा, 35 करोड़ का ओवर टाइम पेमेंट तीनों मंडल के स्टेशन मास्टर को दिया, रेलवे कलोनी विकास हेतु महाप्रबंधक ने स्पेशल बजट दिया। दो दिवसीय जोनल पी एन एम बैठक केअध्यक्ष आर के अग्रवाल ने बैठक का संचालन किया। बैठक में उपमहाप्रबंधक वी के साहू अन्य रेलवे जोन अधिकारी मौजूद रहे, रेलवे मजदूर कांग्रेस के केन्द्रीय पदाधिकारी बी कृष्ण कुमार, डी विजय कुमार, डीके स्वाइन, विजय अग्निहोत्री, मीडिया प्रभारी लक्ष्मण राव ने भाग लिया जोनल पी एन एम बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जिनमे बिलासपुर, रायपुर, नागपुर मंडल के रनिंग कर्मचारियों के सभी समस्याओं के निराकरण हेतु अप्रैल माह में संयुक्त रनिंग मीटिंग होगी। केन्द्रीय चिकित्सालय में हॉस्पिटल असिस्टेंट खाली पदों में ट्रैक मेंटेनर, मेडिकल विभाग के ग्रुप डी स्टाफ से भरा जाएगा, 50 रेल आवास वाले रेलवे कालोनी में ओपन जीम लगाया जाएगा। रेलवे मैडिकल कॉलेज बिलासपुर में स्थापित कर कुछ महत्वपूर्ण कोर्स की शुरूआत की जाएगी, दुर्भावना से से अढफ को खराब करने वाले अधिकारी के निर्णय को समीक्षा कर सुधार करने का अवसर दिया जाएगा, कमर्शियल सहित इंजीनियर विभाग में ट्रैक मेंटेनर के उत्पीड़न मामले में रोक लगाने हेतु गलत मनमाने स्थानांतरण पर रोक लगाई जाएगी।



# 60 छात्र-छात्राओं को दिलाया गया कौशल विकास प्रशिक्षण

**जैतहरी।**

20 मार्च कंपनी के सीएसआर विभाग द्वारा स्थानीय युवती एवं युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आईसेक्ट के बैनर तले दो माह एवं 15 दिवस का प्रशिक्षण दिलाया गया। इस आयोजन में कुल 60 छात्रों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण का आयोजन दो बैच (30 छात्र प्रति बैच) में किया गया जिसमें बेसिक इलेक्ट्रिकल, हाउस वायरिंग एवं कंप्यूटर ज्ञान जैसी विशेष ट्रेडो में छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित किया गया। यह प्रशिक्षण नजदीकी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जैतहरी में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के उपरांत सभी 60 छात्र-छात्राओं का 03 प्राइवेट कंपनियां जिनमें मेसर्स पी.दास. फोर्जिंग प्राइवेट लिमि0, मेसर्स ली बैड एवं मेसर्स आई.टी.सी. के द्वारा रोजगार हेतु चयनित किया गया। प्रशिक्षण उपरांत कंपनी के सीएसआर विभाग एवं ट्रेनिंग पार्टनर आईसेक्ट के द्वारा प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कंपनी के प्लांट प्रमुख एवं सीओओ बसंता कुमार मिश्रा ने उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरण कर उन्हें शुभकामनायें दी और विभाग के द्वारा की गई इस पहल की सराहना की। कंपनी के मानव संसाधन एवं प्रशासन विभाग के प्रमुख आर0के0 खटाना के द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की और साथ ही कंपनी के सीएसआर एवं आईसेक्ट के सहयोग से स्थानीय युवती-युवाओं के सपनों को साकार करने के प्रयास की सराहना की। आईसेक्ट के प्रतिनिधि भगवानदास ने बताया कि इस सफल अभियान से निश्चित ही छात्र-छात्राओं को प्रसन्नता का अनुभव हुआ है और उन्होंने मन लगाकर इस प्रशिक्षण को प्राप्त किया है एवं उनकी निष्ठा व लगन से ही उनका चयन हो पाना सुनिश्चित हो सका है। इस दौरान रोजगार में चयनित छात्र-छात्राओं ने इस आयोजन के लिए प्रसन्नतापूर्वक कंपनी एवं ट्रेनिंग पार्टनर आईसेक्ट का धन्यवाद व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में सीएसआर प्रमुख सत्यम सलील एवं अन्य विभागीय अधिकारी जिसमें विकास राय (समन्वयक), डॉ. तनवीर, रश्मि लखेरा एवं शुभाशीष ने अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता दर्ज की।

**Presiding Officer:** श्री रविन्द्र कुमार शिल्पी
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000003/2024)
दीपक नाथ वगै. ......................आवेदक Vs
दीपेश नाथ वगै. ......................अनावेदक
प्रेषिती- Process Id-608/2024
(1) आम जनता पेशी दिनांक :- 18/04/2024

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक नाथ वगै. के द्वारा मृतक खुकु साधु पति दीपक नाथ निवासी वार्ड क्रमांक ०७ ठाकुरबाबा मंदिर के पास कोतमा थाना व तहसील कोतमा जिला अनूपपुर म.प्र. जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पैरीचुआ में कार्यरत थी जिनकी मृत्यु दिनांक 13-11-2023 को हो चुकी है जिनकी संपूर्ण जमा राशि अनावेदक क्रमांक 03 मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अमरकंटक रोड अनूपपुर जिला अनूपपुर म.प्र. के पास जमा है। जमा राशि अवकाश नगदीकरण राशि 6,08,825/- रुपये लगभग उपादान (ग्रेज्युटी) की राशि 12,30,075/- रुपये लगभग, बीमा की राशि 2,50,000/-रुपये, एक्सग्रेसिया 50,000/- रुपये प्राप्त करने के लिए राशि/संपति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 18 April 2024 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक /संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 18 April 2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।
यह आज तारीख 22 March 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

मुद्रा
रविंद्र कुमार शिल्पी
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
कोतमा जिला अनूपपुर (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें:-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।